अर्द्धवार्षिक परीक्षा
कक्षा : 6
विषय : सामाजिक विज्ञानं

समय : 2.30 घण्टे | MM : 50

1. सूर्य से तीसरा सबसे नजदीक ग्रह कौन सा है। 1

   (अ) शुक्र (ब) पृथ्वी (स) बुध (द) शनि ( )

2. जिन गुफाओं में लोग रहते थे, उनमें से कुछ की दीवारों पर .... मिले है। 1

   (अ) औजार (ब) चित्र (स) फल (द) वाहन ( )

3. सबसे पहले अरबी एवं यहूदी व्यापारी .... आए। 1

   (अ) कश्मीर (ब) केरल (स) अमृतसर (द) बीकानेर ( )

4. .... सबसे पुराना वेद है ? 1

   (अ) सामवेद (ब) यजुर्वेद (स) रामायण (द) ऋग्वेद ( )

5. प्रमुख याम्योतर का मान है – 1

   (अ) 90^0 (ब) 0^0 (स) 60^0 (द) 180^0 ( )

6. रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिये – 5

   1. मकर रेखा .... पर स्थित है।
   2. हड़प्पा सभ्यता के लोग .... की मोहरें बनाते थे।
   3. .... के लिए दासों का उपयोग किया जाता था।
   4. .... में दो बहुत ही शक्तिशाली शासक बिम्बिसार व अजातशत्रु हुए।
   5. .... विविधताओं का देश है।

7. सोम का क्या उपयोग किया जाता था? 2

8. पृथ्वी का सही आकार क्या है? 2

9. भारत कौन से सन् में आजाद हुआ था? 2

10. संभवतः कितने वर्ष पहले मेहरगढ़ में कपास की खेती होती थी? 2

TeacherGyan

Scanned with CamScanner

11. चारों वर्णो के नाम लिखिए। 2

12. क्षुद्र ग्रह किन कक्षाओं के बीच पाये जाते हं? 2

13. आज हम जो किताबें पढ़ते है, वे ऋग्वेद से कैसे भिन्न है? 2

14. हड़प्पा के लोगों की भोजन सामग्रीकी सूची बनाओ। आज इनमें से तुम क्या क्या खाते हो? 2

15. समाज के वो कौन से समूह थे, जो गणोंकी सभाओं में हिस्सा नहीं ले सकते थे? 2

16. पाण्डुलिपियोंतथा अभिलेखोंमें एक प्रमुख अंतर बताओं। 2

17. पुरातत्वविद् ऐसा क्यों मानते है कि मेहरगढ़ के लोग पहले केवल शिकारी थे, और बाद मे उनके लिए पशुपालन ज्यादा महत्वपूर्ण हो गया ? 2

18. ऊष्मा की सबसे अधिक मात्रा उष्ण कटिबंध क्यों प्राप्त करते है? 2

19. पृथ्वी को अद्‌भुत ग्रह क्यों कहा गया है? 2

20. लीप वर्ष क्या है? 2

21. लोगों के दिमाग में पूर्वाग्रह क्यों होते है? 2

22. आपके इलाके में मनाए जाने वाले विभिन्न त्योहारों की सूची बनाइये। इनमें से कौन से त्यौहार सभी समुदायों द्वारा मनाए जाते है। 2

23. भारत का संविधान समानता के बारे में क्या कहता है? आपको यहाँ क्यों लगता है कि सभी लोगों में समानता होना जरूरी है? 2

24. जब भारत में शाम के 5.30 बजते है, तब लंदन में दोपहर के 12.00 बजते है? क्यो, समझाइये। 2

25. हड़प्पा के लोगों के लिए धातुएँ, लेखन, पहिया और हल क्यो महत्वपूर्ण थे? 2

26. भारत के मानचित्र में निम्न को चिन्हित करे। 2

1. नर्मदा नदी 2. गंगा नदी 3. अरब सागर 4. बंगाल की खाड़ी

TeacherGyan

Scanned with CamScanner